उत्तराखंड का दिवाली उपहार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड ने दिवाली लाभ के रूप में राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिये **महँगाई भत्ते (Dearness Allowance- DA)** में वृद्धि की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- **महँगाई भत्ते में बढ़ोतरी:**
  - उत्तराखंड ने घरेलू खर्चों पर महँगाई के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से सरकारी कर्मचारियों के लिये महँगाई भत्ते में एक निश्चित प्रतिशत की वृद्धि की।
  - महँगाई भत्ता **50% से बढ़ाकर 53% प्रतिमाह** कर दिया गया है।
  - महँगाई भत्ते में वृद्धि सभी नियमित और पूर्णकालिक राज्य कर्मचारियों एवं **UGC** से संबद्ध अधिकारियों पर **1 जुलाई 2024** से लागू होगी, जिसमें जुलाई से **सितंबर 2024** तक का बकाया नकद देय होगा।
  - राज्य सरकार के अधीन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कवर करते हुए बढ़ा हुआ महँगाई भत्ता तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।
- **आर्थिक प्रभाव:**
  - यह वृद्धि कर्मचारियों की क्रय शक्ति को बढ़ावा देती है, जो विशेष रूप से त्यौहारी सीजन के दौरान अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, जब व्यय आमतौर पर अधिक होता है।
  - इसी प्रकार के महँगाई भत्ते के समायोजन विभिन्न राज्यों में देखे जा रहे हैं, क्योंकि इनका उद्देश्य बढ़ती जीवन-यापन लागत के बीच वित्तीय राहत प्रदान करना है।

महँगाई भत्ता (DA)

- यह महँगाई को संतुलित करने के लिये जीवन-यापन की लागत का समायोजन है, जो सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को प्रदान किया जाता है। इसकी गणना मूल वेतन के प्रतिशत के रूप में की जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-s-diwali-gift